# सम्पादकीय

## भारत ने किया पाकिस्तान को बेनक़ाब

रूस ने अमेरिका से कहा है कि परमाणु परीक्षण को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप ने जो बयान दिया था। उसे लेकर अमेरिका को स्पष्टीकरण देना चाहिए। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि रूस ने कहा कि यदि अमेरिका इस दिशा में कोई कदम उठाता है, तो उससे रूस समेत अन्य देशों की प्रतिक्रियाएं आनी भी शुरू हो जाएंगी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले हते अमेरिकी सेना को परमाणु हथियारों के परीक्षण की प्रक्रिया तुरंत दोबारा शुरू करने का आदेश दिया था। लेकिन उन्होंने... यह स्पष्ट नहीं किया कि इससे उनका मतलब परमाणु–सक्षम मिसाइलों के लाइट–टेस्ट से है या फिर उन परीक्षणों से जिनमें परमाणु विस्फोट शामिल होते हैं क्योंकि ... ऐसा परीक्षण अमेरिका और रूस दोनों ने ही तीन दशकों से अधिक समय से नहीं किया है।


नफीस जाफरी

अब बात पाकिस्तान की तो मालूम हो कि पाकिस्तान गुप्त रूप से परमाणु परीक्षण कर रहा है। बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह सनसनीखेज दावा किया था। ट्रंप ने कहा था, रूस परीक्षण कर रहा है और चीन परीक्षण कर रहा है, लेकिन वे इसके बारे में बात नहीं करते। हम परीक्षण करेंगे, क्योंकि वे परीक्षण करते हैं, और दूसरे भी परीक्षण करते हैं। निश्चित रूप से उत्तर कोरिया भी परीक्षण कर रहा है। पाकिस्तान भी परीक्षण कर रहा है। ट्रंप के दावे पर ो भारत ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि अवैध और गोपनीय परमाणु गतिविधियां पाकिस्तान के दशकों पुराने इतिहास को दर्शाती हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान की गुप्त परमाणु गतिविधियों पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि ये अवैध और गोपनीय परमाणु गतिविधियां पाकिस्तान के दशकों पुराने इतिहास को दर्शाती हैं, जो तस्करी, निर्यात नियंत्रण उल्लंघन, गुप्त साझेदारियों और ाफ खान नेटवर्क जैसी गतिविधियों पर आधारित रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की इन हरकतों के कारण परमाणु प्रसार की समस्या और गहराती गई है। भारत के विदेश मंत्रायलय के प्रवक्ता ने आगे कहा कि भारत लगातार अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान पाकिस्तान के इस रिकॉर्ड की ओर आकर्षित करता रहा है, ताकि दुनिया इस खतरे को समझ सके। उन्होंने कहा, "भारत ने हमेशा वैश्विक समुदाय को आगाह किया है कि पाकिस्तान की परमाणु गतिविधियां पारदर्शी नहीं हैं और यह अंतरराष्ट्रीय नियमों का बार–बार उल्लंघन करता रहा है।" रणधीर जायसवाल ने यह भी कहा कि इसी परिप्रेक्ष्य में भारत ने अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस टिप्पणी को नोट किया है जिसमें उन्होंने पाकिस्तान के परमाणु परीक्षणों के बारे में बात की थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान की अवैध परमाणु गतिविधियां न केवल दक्षिण एशिया बल्कि पूरी दुनिया की सुरक्षा के लिए खतरा हैं। भारत का यह मानना है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस विषय पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए और परमाणु प्रसार को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। मालूम हो कि ाफ खान नेटवर्क परमाणु तस्करी के लिए कुख्यात है। अब्दुल कदीर खान का परमाणु तस्करी नेटवर्क 1980 और 1990 के दशक में संचालित हुआ था। अब्दुल कदीर खान का परमाणु तस्करी नेटवर्क एक अवैध समूह था जो परमाणु तकनीक की तस्करी करता था। भारत के विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के परमाणु नेटवर्क पर बात करते हुए फिर से एकक्यू खान नेटवर्क का जिक्र कर उसकी पोल खोली।

# अखिलेश और आज़म की मुलाकात के बाद तमाम अटकलों पर लगा विराम!


गुलफिशा खान

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री आजम खान ने बीते दिनों सपा के मुखिया अखिलेश यादव से मुलाकात की। आजम खान के जेल से निकलने के बाद ये उनकी दूसरी मुलाकात थी। इससे पहले दोनों 8 अक्टूबर को भी मिले थे। उस समय अखिलेश आजम के आवास पर पहुंचे थे। आज की मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने एक्स में एक पोस्ट भी किया और लिखा न जाने कितनी यादें संग ले आए, जब वो आज हमारे घर पर आए!, ये जो मेलमिलाप है यही हमारी साझा विरासत है। इससे पहले हुई मुलाकात के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए अखिलेश यादव ने आजम खान को पार्टी का एक मजबूत स्तंभ बताया था और उनके खिलाफ दर्ज मुकदमों को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा था। अब बात आजम खान की तो मालूम हो कि समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता आजम खान ने लखनऊ में सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की और कहा कि पार्टी अध्यक्ष के साथ उनकी मुलाकात का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में न्याय और राजनीतिक बदलाव की जरूरत और .ढ़ता का संदेश देना था। आजम खान ने अखिलेश से मुलाकात के बाद मीडिया से कहा, कभी–कभी, आप सभी का बनाया गया माहौल हमें या तो



विरोध में या समर्थन में बोलने के लिए मजबूर करता है। हमारी मुलाकात का असली मकसद यह दिखाना था कि तमाम जुल्म और ऐतिहासिक अन्याय के बावजूद आज भी ऐसे लोग मौजूद हैं जिनका सब्र पत्थर या पहाड़ से भी ज्यादा मजबूत है। आजम खान ने कहा कि मुलाकात में क्या हुआ, ये बताया नहीं जा सकता है। बस इतना ही कहूंगा कि रिश्तों की मुलाकात है। नई मुलाकात नहीं है, होती रहती है, हाल में भी हुई थी। आधी सदी के रिश्तों को अगर किसी ने भी ये समझा था कि हम उसपर जंग खाने देंगे तो मुमकिन नहीं है। उधर से भी मुमकिन नहीं है और इधर से भी मुमकिन नहीं है। खुदा न करे अगर कोई ऐसी बात होती तो मुझसे ज्यादा दर्द उधर होता। ये सिर्फ राजनीतिक रिश्ते नहीं हैं बल्कि उस वक्त के रिश्ते हैं जब उनके वालिद के जमाने से जब हम सिर्फ विधायक हुआ करते थे और उस वक्त ये गुमान भी नहीं था कि हम कभी सरकार बना पाएंगे। उस वक्त कांग्रेस बहुत ताकत में थी। सपा नेता आजम खान ने कहा कि आज भाजपा जिस तरह से मुल्क में ताकतवर है, उससे कहीं ज्यादा ताकतवर थी कांग्रेस। लेकिन देखा आपने हल्के हल्के हमारी मेहनतों की नतीजा निकला और सरकार भी बनाई और सरकारें बनाई। आगे भी उम्मीद करते हैं कि हम सरकार बनाएंगे और सरकारें भी बनाएंगे हां बस इतना फर्क रहेगा कि हमें ये नहीं मालूम था कि सरकारों के कामों में क्या–क्या आता है। हमें सिर्फ पता था वो जो आखिरी व्यक्ति बैठा है। जिसपर हमारी बहुत ओझल सी नजर जा रही है, उसे देखें कि उसकी आंखें नम तो नहीं हैं। नम है तो उसके आंसू पोछने की कोशिश करें। उसके सिर पर साया नहीं तो उसके साये का इंतजाम करें, अगर वो भूखा है तो उसके भोजन का इंतजाम करें।

अगर वो बेरोजगार है तो उसके लिए सहारा बने, हमें ये खबर नहीं थी कि सरकार का काम फलाही कामों के अलावा किसी को बर्बाद कर देना, तबाह कर देना, फना कर देना और मिटा देने का भी है। बस्ती की बस्तियां उजाड़ देना और खानदानों को नेस्तानाबूद कर देना और घृणा का ऐसा बाजार गर्म कर देना कि जमीन भी घृणा की हो, इमारत भी घृणा की हो, सामान भी घृणा का, बेचने वाला भी घृणा का और खरीदने वाला भी घृणा को हो। क्या होगा ऐसे बाजार का, आखिर क्या अंजाम होगा इसका। उसी अंजाम से बचाने की हम सभी की कोशिश करनी चाहिए।

# मुस्लिम उम्मीवारी पर धर्मेंद्र प्रधान का गोल-मोल जवाब


फ़रीद वारसी

संभवता बात 2017 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के समय की है। जब एक पत्रकार के इस सवाल के कि भाजपा आखिर मुसलमानों को अपना उम्मीदवार क्यों नहीं बनाती है का, जबाव देत हुए भाजपा की चुनावी राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले अमित शाह ने बहुत ही दो टूक अंदाज में कहा था कि पार्टी सिर्फ जीतने वाले लोगों को ही अपना उम्मीद वार बनाती है। वैसे अमित शाह से यह पूछा जाना चाहिए कि अगर मुस्लिम उम्मीदवार जीतने की क्षमता नहीं रखते है तो फिर दूसरी अन्य पार्टियों उन्हें कैसे अपना उम्मीदवार बनाती है। बहरहाल, सच तो यह है है कि भाजपा मुसलमानों को अपनी राजनीति में शामिल करना तो दूर उन्हें राजनीति से ही बाहर ही रखना चाहती है। यही कारण है कि अमित शाह का उपरोक्त बयान देश सहित हर राज्यों के विधानसभा चुनावों में पार्टी की सोची समझी रणनीति का ही हिस्सा होता है। अब जहां तक बिहार का सवाल है तो बिहार में भाजपा के खाते में अटल–आडवानी युग के नेता शाहनवाज हैं। पार्टी ने इस बार उन्हें ही टिकट नहीं दिया। जबकि बिहार में बड़ी संख्या में मुसलमान हैं। सीमांचल के तहत आने वाले मुस्लिम बहुल जिलों किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, अररिया में विधानसभा की कुल 24 सीटें हैं। यानी ये राज्य की कुल 243 सीटों का करीब 10 फीसद हुआ। इसके बावजूद भाजपा ने राज्य में एक भी मुसलमान कैंडिडेट को टिकट नहीं दिया है। पहले चरण के मतदान के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री और भाजपा के बिहार प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने मीडिया से कई मुद्दों पर बात की। इस दौरान जब उनसे ये पूछा गया कि भारतीय जनता पार्टी ने बिहार में मुसलमानों को टिकट क्यों नहीं दिया तो केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमारे एनडी में मुस्लिम कैंडिडेट हैं। हम जीतने के आधार



पर चुनाव में प्रत्याशी लगाते हैं। हम हमारे गठबंधन को देखते हुए समाज के सर्व वर्गों, वंचितों को बैलेंस करते हुए चुनाव में प्रत्याशी उतारते हैं। हम इसमें विश्वास नहीं करते कि किसी समुदाय से इतने प्रत्याशी होने ही चाहिए। जीतने वाला प्रत्याशी होना चाहिए। हमने चार मुसलमान प्रत्याशियों को उतारा है, जो एनडीए के हैं। धर्मेंद्र प्रधान से जब ये पूछा गया कि दूसरे चरण में जब सीमांचल में वोट डाले जाएंगे तो क्या मुस्लिम महिलाओं को क्या एनडीए पर भरोसा होगा? तो उन्होंने कहा, किसी के बयान पर मत जाइए। चुनाव की प्रक्रिया पर जाइए। पत्र और पहचान के मिलान से मतदान के लिए जाने की अनुमति मिलती है। ये नई प्रक्रिया नहीं है, पहले से ही है। हर एक चुनाव में यही प्रक्रिया रही है। बिहार में भी ऐसा ही होता आया है, इस बार भी हो रहा है। मैंने टीवी पर कुछ मुस्लिम बहनों का इंटरव्यू देखा था। उन्होंने इसकी सराहना की। उनका कहना था कि पहचान करने में क्या दिक्कत है। इसमें आपत्ति क्या है। क्या चुनाव के दौरान बुर्का वाली बात कहना सही है, इस पर केंद्रीय मंत्री बोले, बिल्कुल, महिलाओं ने इसकी सराहना की है तो मीडिया को आपत्ति क्यों है। मैं मुस्लिम महिलाओं के बयान को कोट कर रहा हूं। उनका कहना है कि चेकिंग होना बुरी बात नहीं है। परिचय का मिलान होना तो कानूनी व्यवस्था है, उसी के तहत हो रहा है।

सीमांचल में घुसपैठ मुद्दा है, इस पर धर्मेंद्र प्रधान बोले, सीमांचल में ही नहीं देश में घुसपैठिया एक मुद्दा है ही। पड़ोसी देश के लोग आकर बिहार, बंगाल, झारखंड, ओडिशा और भारत के प्रमुख शहरों में बस जाते हैं। इनकी लगातार पहचान करने का हमें अधिकार है। हमारे देश के संसाधन यहां के लोगों के लिए है। पड़ोसी गैर नहीं है, पड़ोस के नागरिक यहां आकर जीवन बिताएं, हमारे संसाधन को शेयर करें, ये हमारे देश के गरीबों, वंचितों के लिए अन्याय होगा। असदुद्दीन ओवैसी ने ये पूछा है कि जब एसआईआर हो चुका है तब घुसपैठिए का मुद्दा कहां से उठता है। इस पर धर्मेंद्र प्रधान बोले, एसआईआर की जब प्रक्रिया चल रही थी तब उसका विरोध किन लोगों ने किया। ये तो कानूनी प्रक्रिया थी, राजनीतिक व्यवस्था तो नहीं थी। जब आज वोट प्रतिशत बढ़ रहे हैं तो उनके मन में आ रहा है कि घुसपैठ का मुद्दा नहीं रहा। पर ये मुद्दा तो रहेगा ही क्योंकि इस सामाजिक अतिक्रमण की एसआईआर से पहचान हुई है, उनकी पहचान किया जाना बंद तो नहीं हो सकता है। ये एक सामाजिक चुनौती है। सीमा में प्रवेश करना नहीं होना चाहिए। देश के संसाधनों पर यहां के नागरिकों का अधिकार है, कौन से देश में घुसपैठ मुद्दा नहीं है? आप अमेरिका का उदाहरण देखिए... तो भारत इस मुद्दे को क्यों न उठाए।

जहां तक सीमांचल क्षेत्र का सवाल है तो मालूम हो कि बिहार के सीमांचल क्षेत्र में दूसरे चरण में आज वोट डाले जाएंगे. इसके चार जिलों किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, अररिया में विधानसभा की कुल 24 सीटें हैं। सबसे अधिक सात–सात सीटें पूर्णिया और कटिहार में हैं। तो अररिया में 6 और किशनगंज में 4 सीटें हैं। 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में इन 24 सीटों में से भाजपा ने आठ, जेडीयू ने चार, कांग्रेस ने पांच, आरजेडी को एक और सीपीआईएमएल को एक सीट मिली थी। वहीं ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम को 5 सीटों पर जीत मिली थी। हालांकि बाद में उनके चार विधायक महागठबंधन में शामिल हो गए। बता दें कि किशनगंज में 68, अररिया में 43, कटिहार में 45 और पूर्णिया में 39 फीसद हिस्सेदारी मुस्लिम समाज की है।

# विश्वसनीय भू-अभिलेखों और नागरिक सशक्तिकरण के लिए एक नई पहल

जब भारत एक समावेशी और विकसित भविष्य की कल्पना करता है, तो इसका सबसे मजबूत आधार–स्तंभ भूमि है। चाहे घर हो, खेत हो, दुकान हो या स्मार्ट सिटी का सपना हो – विकास का प्रत्येक रूप भूमि पर अवस्थित होता है। हालाँकि, सच्चाई यह है कि वर्षों से हमारे भू–अभिलेख अधूरे, भ्रामक और अक्सर विवादों में उलझे रहे हैं। परिणामस्वरूप, आम नागरिकों को संपत्ति खरीदने, जमीन विरासत में प्राप्त करने, ऋण प्राप्त करने या सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।इन दीर्घकालिक समस्याओं के समाधान के लिए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में, ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत भूमि संसाधन विभाग ने नक्शा (राष्ट्रीय शहरी निवास–स्थल भू–स्थानिक ज्ञान–आधारित भूमि सर्वेक्षण) कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह भारत में भूमि प्रबंधन, प्रशासन और भूमि–रिकॉर्ड रख–रखाव में बदलाव लाने की एक पहल है। यह कार्यक्रम एक पारदर्शी, डिजिटल और सत्यापित भू–अभिलेख प्रणाली का निर्माण कर रहा है, जो न केवल नागरिकों के जीवन को आसान बनाएगी, बल्कि कस्बों और शहरों के विकास को भी गति प्रदान करेगी।

भारत में, भूमि पंजीकरण लंबे समय से एक जटिल व दस्तावेज–आधारित प्रक्रिया रही है। बिक्री विलेख, स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क, पटवारी सत्यापन और तहसील स्तर पर प्रस्तुतियाँ दृ ये सभी नागरिकों के लिए पूरी प्रणाली को बोझिल बना देती थीं। पुराने रजिस्टर और फाइलों में न केवल त्रुटियां मौजूद थीं, बल्कि इनमें आसानी से छेड़छाड़ की जा सकती थी, जो कई विवादों का मूल कारण होता है। अस्पष्ट संपत्ति अभिलेखों की वजह से बैंकों से ऋण प्राप्त करने की संभावना कम हो गयी थी। उत्तराधिकार या दाखिल–खारिज की प्रक्रिया अक्सर वर्षों तक अदालतों में अटकी रहती थी। गलत माप, अस्पष्ट सीमाएँ और स्थानीय राजनीतिक हस्तक्षेप ने इन समस्याओं को और गंभीर बना दिया। यही कारण है कि लाखों भारतीयों के लिए, सुरक्षा के स्रोत के रूप में भूमि का महत्त्व कम होता गया और यह जोखिम का प्रमुख स्रोत बन गई।

नक्शारू डिजिटल पारदर्शिता की ओर कदम

नक्शा कार्यक्रम, सटीक और डिजिटल भू–रिकॉर्ड तैयार करने के लिए ड्रोन सर्वेक्षण, जीएनएसएस मानचित्रण और जीआईएस उपकरण जैसी उन्नत तकनीकों का लाभ उठाता है। इस पहल के तहत, नागरिकों को 'योरप्रो' (शहरी संपत्ति स्वामित्व रिकॉर्ड) कार्ड मिलता है, जो स्वामित्व का एक डिजिटल प्रमाण है और संपत्ति के लेन–देन को आसान बनाता है। सरकार 'योरप्रो' कार्यक्रम को समर्थन दे रही है। नक्शा के साथ, लोगों को अब स्वामित्व की पुष्टि के लिए दस्तावेजों या बिचौलियों पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है। इससे ऋण प्राप्त करने, बिक्री पूरी करने, उत्तराधिकार प्राप्त करने और विवादों का निपटारा करने की प्रक्रिया तेज और अधिक पारदर्शी हो गयी है। अंततरू, नक्शा केवल एक तकनीकी सुधार नहीं है – यह नागरिक सशक्तिकरण, समानता और भू–स्वामित्व में कानूनी आश्वासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

नक्शा कार्यक्रम मुख्य रूप से उन नागरिकों को लाभान्वित करता है, जो लंबे समय से अधूरे या अप्रचलित भू–दस्तावेजों पर निर्भर रहे हैं। नगरपालिकाओं और स्थानीय परिषदों के पास अब स्वच्छ, सटीक भू–स्थानिक डेटा तक पहुँच की सुविधा है, जिससे बेहतर निर्णय लेना और पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। नागरिक आसानी से ऑनलाइन प्रारूप मानचित्र देख सकते हैं और आपत्तियाँ दर्ज कर सकते हैं, जिससे इस प्रक्रिया में जनता की भागीदारी सुनिश्चित होती है। यह डिजिटल प्रणाली कराधान को अधिक निष्पक्ष और पारदर्शी बनाती है, साथ ही शहरी नीति–निर्माण और अवसंरचना डिजाइन की सटीकता और गति में सुधार करती है।

# यूपी के स्कूलों में अनिवार्य होगा वंदे मातरम्

Cकिमचंद्र की अमर रचना 'वंदेमातरम्' शब्दों का बीज मंत्र है जिसने देश को राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत किया था। इस गीत से ब्रिटिश हुकूमत कांप गयी थी और लोग स्वतः स्फूर्त होकर गली, चौराहे पर गाते थे–वंदे मातरम्। उनको सजा मिलती थी, फिर भी जोश दो गुना हो जाता था और तब जाकर वंदे मातरम् बना हमारा राष्ट्रगीत। हमारे देश का राष्ट्रगान बेशक जन गण मन... है लेकिन इसके बाद राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का गायन भी होता है। पूरा गीत नहीं गाया जाता लेकिन इसका उतना भाग भी राष्ट्रप्रेम का भाव जगाने में सक्षम है। इस गीत की रचना को 150 वर्ष पूरे हो गये हैं। इस अवसर पर वर्ष भर आयोजन हमारे देश में होंगे। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बड़ा ऐलान किया है। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के हर स्कूल में वंदे मातरम राष्ट्र गीत का गायन अनिवार्य किया जाएगा। इसका मकसद नयी पीढ़ी में राष्ट्र प्रेम जगाना है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बड़ी घोषणा की है। सीएम योगी ने ऐलान किया है कि देश के हर स्कूल में वंदे मातरम् राष्ट्रगीत को अनिवार्य करेंगे। उन्होंने कहा, हमें सरदार वल्लभभाई पटेल को अपनी चर्चाओं का हिस्सा बनाना चाहिए, हम उत्तर प्रदेश के सभी शैक्षणिक संस्थानों में वंदे मातरम् का गायन अनिवार्य करेंगे ताकि उत्तर प्रदेश का प्रत्येक नागरिक भारत माता और मातृभूमि के प्रति सम्मान की भावना से भर जाए। एकता यात्रा और वंदे मातरम् सामूहिक गायन कार्यक्रम में शामिल होते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, 30 अक्टूबर को देशभर के हर जिले में रन फॉर यूनिटी के रूप में राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौरान, भाजपा ने भी महान वल्लभभाई पटेल के जीवन और कार्यों पर केंद्रित कार्यक्रमों का आयोजन शुरू किया। सरकारी स्तर पर भी कई कार्यक्रम शुरू किए गए। चाहे स्वदेशी की बात हो या आत्मनिर्भरता की, राष्ट्रीय एकता के मुद्दों को संबोधित करने वाली पहल को आगे बढ़ाया गया है, साथ ही देश भर में व्यापक जनजागरण अभियान भी चलाए गए हैं।

बंगाली लेखक बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने 1875 में इस गीत की रचना की थी। बाद में यह गीत स्वतंत्रता सेनानियों के लिए अंग्रेजों के खिलाफ एक हथियार बन गया। आनंदमठ में प्रकाशित इस गीत में मां के उग्र और कोमल रूप का वर्णन किया था। भारत का राष्ट्र गीत वंदे मातरम् है। कवि और उपन्यासकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने वंदे मातरम् लिखा था। बंगाल के कांतल पाडा नाम के गांव में 7 नवंबर 1876 को वंदे मातरम् गीत की रचना की गई थी। पहली बार 1896 में कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में वंदे मातरम् गाया गया था। यानि भारत को आजादी मिलने से करीब 51 साल पहले। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में इस गीत ने बड़ी भूमिका निभाई थी। लोगों को आजादी की लड़ाई के लिए प्रेरित करने का काम किया था। अंग्रेजों के लिए ये विरोध का स्वर था। वंदे मातरम को स्वरबद्ध करने का काम रबींद्रनाथ टैगोर ने किया था। इस साल राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 साल पूरे हो गये इसलिए 7 नवंबर को सरकार ने देश भर के 150 स्थानों पर आयोजनों का फैसला लिया।

वंदे मातरम् के कुछ हिस्से का ही गायन होता है। पूरा गीत इस प्रकार है–

वंदे मातरम, वंदे मातरम,!
सुजलाम्, सुफलाम् मलयज शीतलाम्
शस्यश्यामलाम्, मातरम्।
वंदे मातरम्!
श ु भ ् र ज्यो त्स ना म ्
पुलकितयामिनीम,
फुल्लकुसुमित द्रुमदल शोभिनीम,
सुहासिनीम् सुमधुर भाषिणीम,
सुखदाम् वरदाम्, मातरम,
वंदे मातरम्, वंदे मातरम,
कोटि कोटि कण्ठ कल कल निनाद कराले
द्विसप्त कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले
के बोले मा तुमी अबले
बहुबल धारिणीम् नमामि तारिणीम,
रिपुदलवारिणीम् मातरम,
तुमि विद्या तुमि धर्म, तुमि हृदि तुमि मर्म
त्वं हि प्राणाः शरीरे
बाहुते तुमि मा शक्ति,
हृदये तुमि मा भक्ति,
तोमारै प्रतिमा गडि मन्दिरे–मन्दिरे
त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी
कमला कमलदल विहारिणी
वाणी विद्यादायिनी, नमामि त्वाम
नमामि कमलां अमलां अतुलाम
सुजलां सुफलां मातरम्
श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषिताम्
धरणीं भरणीं मातरम्

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'वंदे मातरम्' गीत की 150वीं वर्षगांठ पर इसे राष्ट्र की सामूहिक चेतना का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह गीत न केवल गायन है, बल्कि कर्तव्यों की अभिव्यक्ति है. एक कार्यक्रम में बोलते हुए सीएम योगी ने कहा कि हम अपने अधिकारों की बात तो करते हैं, लेकिन क्या उतनी ही गंभीरता से कर्तव्यों का जिक्र करते हैं? यही कारण है कि पिछले आठ वर्षों में



उत्तर प्रदेश ने कर्तव्य पथ पर चलकर नई ऊंचाइयों को छुआ है। योगी ने कहा, "हमारे जवान सियाचिन के ग्लेशियर हो या थार के रेगिस्तान, सीमाओं की रक्षा करते हुए भी 'वंदे मातरम' गाते हैं। यह गीत फांसी के फंदे को चूमने वाले क्रांतिकारियों के होंठों पर था और आज भी हर भारतीय के दिल में राष्ट्रप्रेम जगाता है।" उन्होंने जोर देकर कहा कि 1875 में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह गीत बांग्ला और संस्कृत में लिखा गया, जिसमें जाति, धर्म या मजहब का कोई जिक्र नहीं है। यह सभी वर्गों को एक सूत्र में बांधता है।

सीएम ने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए कहा कि करीब 100 वर्ष पहले एक महामारी में भारत की 30 करोड़ आबादी में करोड़ों लोग मारे गए थे लेकिन आजादी के बाद, खासकर कोरोना काल में, भारत ने वैश्विक स्तर पर शानदार प्रबंधन किया। उन्होंने इसे 'वंदे मातरम्' की भावना से जोड़ा, जो व्यक्ति को मत–मजहब से ऊपर उठाकर राष्ट्र के लिए सोचने की प्रेरणा देता है। योगी ने याद दिलाया कि 1950 में 'वंदे मातरम्' को राष्ट्रगीत की मान्यता दी गई थी। यह गीत आजादी की लड़ाई का मंत्र बना और आज भी नई राष्ट्रीयता का भाव पैदा करने में सफल है। उन्होंने कहा, "यह गीत केवल गायन नहीं, बल्कि कर्तव्यबोध का आह्वान है। यह हमें सिखाता है कि राष्ट्र सर्वोपरि है। मुख्यमंत्री ने कहा 'वंदे मातरम' हमें यही सिखाता है कि अधिकारों से पहले कर्तव्य आते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम्' का गायन किया। सीएम योगी ने सभी से अपील की कि स्कूलों कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर इस गीत को नियमित रूप से गाया जाए ताकि युवा पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम और कर्तव्यभावना मजबूत हो। ¼fgQh½

# राष्ट्र जागरण का बीज मन्त्र

शब्दों के घटक अक्षर और अक्षर की घटक ध्वनि। ध्वनियों के कुशल संयोजक राग गढ़ते हैं। कोई शब्द अपनी अक्षर शक्ति से मन्त्र बन जाते हैं। ऐसा अक्सर नहीं होता। ऐसा तभी होता है, जब दिक्काल शुभ मुहूर्त की रचना करे। ऐसी मुहूर्त में उत्पन्न होता है शक्तिशाली शब्द, जिसका पुरुश्चरण होता रहता है। वन्दे मातरम् बंकिम चन्द्र के उपन्यास 'आनंद मठ' का हिस्सा है। राष्ट्रीय आन्दोलन में भारत के अवनि–अम्बर वन्दे मातरम् के घोष से आपूरित रहे हैं। वन्दे मातरम राष्ट्रीय पुनर्जागरण का बीज मन्त्र है। अभी तीन दिन पहले इसकी 150वीं जन्म जयंती मनाई गई। दुनिया के किसी भी देश में घर घर पहुँचने वाली ऐसी काव्य रचना नहीं मिलती।

'वन्दे मातरम्' मंत्र का अवतरण वैदिक ऋचाओं की ही तरह 7 नवम्बर, 1875 को हुआ। अंग्रेजी राज के विरुद्ध देश की सांस्कृतिक राष्ट्र भावाभिव्यक्ति वन्देमातरम् में प्रकट हुई। वन्दे मातरम् 'आनंद मठ' (1882) में छपा। कांग्रेस 1885 में बनी। एक वर्ष बाद कलकत्ता में हुए अधिवेशन (1886) में हेमेन्द्र बाबू ने वन्दे मातरम् गाया। अध्यक्ष मो. रहमत उल्लाह सायानी ने कोई प्रतिवाद नहीं किया। 1896 के कलकत्ता कांग्रेस अधिवेशन में रवीन्द्रनाथ टैगोर ने इसे देशराग एक ताल में गाया। ब्रिटिश सत्ता वन्दे मातरम् से डर गई। सरकार ने बंगाल विभाजन की घोषणा की। विरोध शुरू हो गया। बंगभंग 16 अक्टूबर, 1905 के दिन लागू होना था। बंगाल धधक उठा। भारत के अवनि–अम्बर में वन्दे मातरम् था। 8 नवम्बर, 1905 को वन्दे मातरम् प्रतिबंधित हो गया। विश्वविख्यात चिन्तक विल ड्यूरेन्ट ने बाद में कहा–"इट वाज 1905, देन दैट इण्डियन रिवोल्यूशन बिगैन।" वाराणसी के कांग्रेस अधिवेशन (1905) में फिर से वन्दे मातरम् गूंजा। पूर्वी बंगाल में कांग्रेस ने शोभायात्रा (1906) निकाली। सेना ने लाठीचार्ज किया। कांग्रेसी नेता अब्दुल रसूल सहित सबने वन्दे मातरम् का जयकारा लगाया। कांग्रेस के राष्ट्रवादी नेता विपिन चन्द्र पाल के अखबार 'वन्दे मातरम्' पर वन्दे मातरम् की प्रशंसा लिखने पर मुकदमा (26.8. 1907) चला। विपिन पाल ने "वन्दे मातरम् के खिलाफ कानूनी कार्रवाई को राष्ट्रद्रोह" बताया। उन्हें 6 माह की सजा की घोषणा हुई। अदालत के बाहर वन्दे मातरम् का जयघोष हुआ। भयंकर लाठीचार्ज में दूर बैठा 15 वर्षीय शिशु सुशील कुमार भी पीटा गया। उसने प्रतिवाद किया। उसे 15 बेंतों की सजा सुनाई गई। बेंत की हर मार पर उसने 'वन्दे मातरम्' कहा। 1905–06 वन्दे मातरम् के उत्ताप का कालखण्ड है। वन्दे मातरम् देश के सभी क्षेत्रों में भारत भक्ति का स्वाभिमान बना।




भारत के अनेक भाषा भाषी कवियों ने 'वन्दे मातरम्' का अनुवाद किया।

# अश्टो की टक्कर से बाइक सवार घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के मुरादीपुर व गुनीर के बीच एनएच–2 में सोमवार की सुबह ऑटो की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार थाने के भौनाखेड़ा गांव निवासी पितम्बर का 24 वर्षीय पुत्र अभिषेक बाइक से किसी काम से जा रहा था। तभी मुरादीपुर व गुनीर के बीच ऑटो से भिडन्त हो गयी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सायल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देखते हुये रेफर कर दिया।

# अधेड़ को सर्प ने डसा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भादर में सोमवार की सुबह खेत में काम कर रहे 45 वर्षीय अधेड़ को जहरीले सर्प ने डस लिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार भादर गांव निवासी स्व0 शिवप्रसाद का शुक्ला का का पुत्र रामसजीवन शुक्ला सुबह खेत में काम कर रहा था। तभी उसे जहीरले सर्प ने डस लिया। जानकारी होने पर परिजनों ने उसे तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# कटेनर में लोड कारों में लगी आग, चार जलकर खाक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। औंग थाना क्षेत्र के एनएच–2 में सोमवार की शाम कलकत्ता से बैट्री वाली कार लादकर गुड़गांव ले जा रहे कन्टेनर के अन्दर खड़ी कारों में अचानक आग लग गयी। जिससे वहां अफरा तफरी मच गयी। घटना की सूचना पाते ही थाना प्रभारी रामशंकर सरोज अपने हमराही सिपाहियों के साथ तत्काल मौके में पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दे दी। मौके में पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग लगा है। हालांकि घटना के बाद चालक तुरन्त अपनी जान बचाकर भाग खड़ा हुआ। वहीं थानाध्यक्ष का कहना है कि आग पर काबू पाया जा रहा है। हादसे में कन्टेनर में लदी चार कारे जलकर खाक हो गयी है। जिससे लाखों की क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

# शिविर में एक सैकड़ा ग्रामीणों ने कराया नेत्र परीक्षण



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा तहसील के दुदौली जलालपुर चौराहा पर अब्दुल रब प्रधान मार्केट में चंद्रानी कैलाश स्वास्थ्य सेवा संस्थान की ओर से निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी आंखों का परीक्षण कराया। शिविर में डॉ. डीएस यादव के नेतृत्व में चिकित्सा टीम ने लगभग एक सैकड़ा ग्रामीणों का नेत्र परीक्षण किया। जांच के दौरान तीस मरीजों को चश्मे, जबकि सत्तर मरीजों को फ्री में आवश्यक दवाएं दी गई। शिविर के सफल आयोजन पर ग्रामीणों ने चंद्रानी कैलाश स्वास्थ्य सेवा संस्थान की टीम का आभार जताया। बताते चले कि नेत्र फिजिषियन डॉ. डीएस यादव द्वारा चंद्रानी कैलाश स्वास्थ्य संस्थान के बैनर तले थरियांव (निकट पवार हाउस, जीटी रोड) में पलक आई केयर सेंटर संचालित करते हैं। जहां नेत्र से संबंधित सभी प्रकार का इलाज किया जाता है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अब्दुल रब, प्रभात त्रिवेदी, रितेश प्रजापति, राजेश श्रीवास्तव, सचिन सिंह, सतेंद्र सिंह, लाडले सहित डॉक्टरों व ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# युवती ने घर के अंदर फांसी लगाकर की आत्महत्या



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अविवाहित युवती ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों को जानकारी हुई तो हड़काम मच गया। परिजन रो–रोकर बेहाल हो रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के सेलावन गांव में सोमवार की सुबह रेशमा देवी उर्फ अंशी देवी पुत्री राकेश कुमार रैदास ने अपने घर के ऊपर बने कमरे में छत में लगे लोहे के हुक में प्लास्टिक की रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों को जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। जानकारी मिलने पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं वरिष्ठ नेता गणेश वर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

# आदर्श व्यापार मंडल ने मनाया फतेहपुर का स्थापना दिवस

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के शान्तीनगर स्थित बांके बिहारी मंदिर परिसर में आदर्श व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग के नेतृत्व में फतेहपुर जनपद की स्थापना के 199 वें वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों, शहरवासियों और गणमान्य नागरिकों ने एकत्र होकर जनपद के गौरवशाली इतिहास को याद किया। केक काटकर स्थापना दिवस का शुभारंभ किया।राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने जनपदवासियों को स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि आगामी वर्ष फतेहपुर जनपद के लिए और भी प्रगति, स्वच्छता और समृद्धि लेकर आए। स्थापना दिवस पर मिष्ठान वितरण किया गया और उपस्थित सभी लोगों ने एक–दूसरे को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री काली शंकर श्रीवास्तव मामा, जिला महामंत्री अमित शरण बॉबी, जिला उपाध्यक्ष अभय गुप्ता, संजीव चौरसिया, अमित सोनी, बबल सोनी, रिकू सरदार, राजीव गुप्ता, राहुल सोनी, जिला सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और शहरवासी उपस्थित रहे।

# जिले के स्थापना दिवस पर संग्रहालय का हुआ शुभारंभ

## - एक ही परिसर में देख सकेंगे जनपद की धरोहर व विरासत



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के स्थापना दिवस पर जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने कार्यदाई संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग प्रखंड द्वारा 18.79 लाख की लागत से नवनिर्मित जनपद संग्रहालय का फीता काटकर शुभारंभ कर संग्रहालय में रखी ऐतिहासिक, सांस्ःतिक एवं पुरातात्विक धरोहरों, गजेटियर, साहित्यिक और क्रांतिकारियों से जुड़ी पुस्तके, उत्खनन से प्राप्त पुरातात्विक धरोहरों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद फतेहपुर की स्थापना 1826 हुई थी। उन्होंने कहा कि जनपद के गौरवशाली इतिहास, संस्ःति और परंपराओं को संजोए रखने के लिए जनपद संग्रहालय का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि संग्रहालय का उद्देश्य है कि ऐतिहासिक, सांस्ःतिक एवं पुरातात्विक धरोहरों को संरक्षित कर आमजन तक पहुंचाना है। यहां आने वाले नागरिकों को जनपद के प्रमुख पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक घटनाओं, स्वतंत्रता संग्राम में जनपद का योगदान व यहां के स्थानीय कलाकारों, समाजसेवियों के कार्यों की आकर्षक जानकारी उपलब्ध सामग्री के माध्यम से मिल सकेगी। उन्होंने जनपदवासियों से अपील किया कि यदि उनके पास ऐतिहासिक वस्तु, दस्तावेज, चित्र या जानकारी हो जो जिले की पुरानी धरोहरों के संरक्षण में सहायक हो तो संग्रहालय के साथ साझा करे ताकि आने वाली पीढ़ी को अमूल्य विरासत की जानकारी हो सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व अविनाश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुनील कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए, डीसी एनआरएलएम, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अधिशाषी अभियंता आरईडी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# लौह पुरुष की जयंती पर निकली पद यात्रा



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अयाह शाह विधानसभा में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में विशाल पद यात्रा का आयोजन विधायक विकास गुप्ता के नेतृत्व में हुआ। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अविनाश सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, कार्यक्रम प्रभारी प्रमोद द्विवेदी एवं सयोंजक कमलेश योगी ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को ग्राम समदाबाद इंटर कॉलेज से प्रारम्भ किया। यात्रा ग्राम जिंदपुर होते हुए हरियापुर व बनरसी से होते हुए हरिरामपुर पहुंची। जहां समापन हुआ।

विधायक ने उपस्थित लोगों को बताया कि यह पद यात्रा एक संकल्प यात्रा है। यह विशाल पद यात्रा केवल एक आयोजन नहीं यह एक संदेश है। भारत की एकता, अखंडता और विकास का हम सभी को यह संकल्प लेना हैं कि हम सरदार पटेल के बताए रास्ते पर चलेंगे। भ्रष्टाचार, विभाजन और संकीर्णता से ऊपर उठकर एक मजबूत, आत्मनिर्भर और गर्वीले भारत का निर्माण करेंगे। अंत में विधायक ने अपील किया कि सब मिलकर यह प्रण लें कि भारत की एकता की रक्षा करेंगे। गरीब, किसान, मजदूर, युवा और माताओं के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। सरदार पटेल के सपनों का शक्तिशाली, समरस और आत्मनिर्भर भारत बनाएंगे। इस अवसर पर तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

# समस्याओं को लेकर राष्ट्रवादी पार्टी ने किया प्रदर्शन




न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले की विभिन्न समस्याओं को लेकर राष्ट्रवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया तत्पश्चात जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को दस सूत्रीय ज्ञापन भेजकर सभी मांगों को पूरा किए जाने की आवाज उठाई। सोमवार को राष्ट्रवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व मण्डल प्रभारी प्रयागराज रामकिशोर की अगुवई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और जमकर प्रदर्शन किया तत्पश्चात डीएम के जरिए सीएम को भेजे गए ज्ञापन में ग्राम कुकेड़ी से मधुरैल नाला तक पुल बनाए जाने ग्राम सभा अयाह बाजार से लेकर भगवानपुर बनकटा तक जर्जर रोड बनवाए जाने, ग्राम सभा अयाह मजरे बनकटा विकास खण्ड बहुआ में दो सौ मीटर खड़ंजा व नाली बनवाए जाने, ग्राम हाशिमपुर भेदपुर में खड़ंजा का निर्माण कार्य कराए जाने, छुट्टा पशुओं को गौशालाओं में सुरक्षित किए जाने, शहर में शादीपुर चौराहा, नासिरपीर क्षेत्र में समुचित सफाई अभियान चलाए जाने, नगर पंचायत असोथर के वार्ड नं. दस में व्याप्त समस्याओं का निस्तारण कराए जाने व असोथर विकास खण्ड की ग्राम चंदगढ़ लखनहा पोस्ट ऐझी में जर्जर सड़क बनवाए जाने की मांग की। इस मौके पर रमाशंकर एडवोकेट, अमित श्रीवास्तव एडवोकेट, रघुराज गिरि, मंजू देवी, कंचन, सत्येन्द्र सिंह, ज्ञानेन्द्र मिश्र, रतिराम, जय प्रकाश, कुन्ती देवी, सविता देवी, रामप्रताप सिंह, शिवभोला, राममनोहर, गजोधर भी मौजूद रहे।

# रसूलपुर भंडरा गांव की जांच के लिए टीम गठित

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। ऐरायां विकास खंड की रसूलपुर भड़रा ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा भ्रष्टाचार की जांच में जिलाधिकारी ने टीम का गठन किया। डीएम ने जांच के लिए सीडीओ एवं डीपीआरओ को जांच अधिकारी बनाया है। निष्पक्ष जांच के बाद प्रधान की पोल खुलेगी। शिकायकर्ता ने बताया कि जांच के बाद भ्रष्टाचार का पर्दाफाश होगा। सीडीओ व डीपीआरो के जांच की खबर सुनते ही प्रधान व सचिव जुगाड़ करने पर लग गए हैं। बता दें कि ऐरायां विकास खंड के रसूलपुर भंडरा ग्राम पंचायत के बैरहना निवासी शेरबहादुर ने ग्राम प्रधान निशा यादव प्रतिनिधि व सचिव पर विकास कार्यों में सरकारी धन का लगभग 40 लाख गबन करने का आरोप लगाया था। बीडीओ अशोक कुमार ने बताया कि जांच टीम आई तो पूरा सहयोग किया जाएगा।

# पुस्तक विक्रेता के खाते 49 हजार रुपए उड़ाए

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नगर के ब्राह्मण टोला मोहल्ले में रहने वाले एक पुस्तक विक्रेता के खाते से अज्ञात व्यक्ति ने ऑनलाइन ठगी कर करीब पचास हजार रुपए निकाल लिए। घटना की जानकारी पीड़ित को बैंक से मोबाइल पर आए मेसेज से हुई।ब्राह्मण टोला मोहल्ला निवासी सत्यनारायण तिवारी की नौबस्ता रोड पर तिवारी पुस्तक भंडार नाम से दुकान है। उनका खाता संख्या 14210100022350 से सोमवार को दोपहर उन्हें 9341003605 नंबर से मनीष पांडेय नामक व्यक्ति का फोन आया। उसने खुद को बैंक कर्मी बताते हुए एटीएम कार्ड की जानकारी मांगी और कार्ड अपडेट कराने के बहाने मोबाइल पर भेजा गया लिंक खोलने को कहा। लिंक ओपन करते ही उनके खाते से 49,002 की निकासी हो गई। घटना का पता चलने पर सत्यनारायण तिवारी ने तत्काल बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा प्रबंधक को सूचना दी और खाते को फ्रीज कराया। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल और खागा कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि फिलहाल पीड़ित व्यक्ति थाने नहीं पहुंचे हैं। शिकायत मिलने पर मामले की जांच की जाएगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी अनजान कॉल या लिंक पर अपनी बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें और किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन पर दें।

# मेरी माटी मेरा तीर्थ मेरा फतेहपुर मेरी जिम्मेदारी : प्रवीण

## - फतेहपुर स्थापना दिवस पर अतीत से प्रेरणा, भविष्य का संकल्प

## - मानव श्रृंखला बना छात्रों ने लिखा 199, लिया धरोहर संरक्षण का संकल्प




न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। फतेहपुर स्थापना दिवस के अवसर पर खागा तहसील के गुरसंडी गांव स्थित निष्पक्ष देव विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय बुंदेलखंडी के नेतृत्व में मानव श्रृंखला बनाकर 199 लिखा। विद्यालय परिसर में छात्रों व शिक्षकों द्वारा बनाई गई यह मानव श्रृंखला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई। कार्यक्रम में प्रवीण पांडेय ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों को जिले की ऐतिहासिक, सांस्ःतिक और पौराणिक धरोहरों के संरक्षण का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि फतेहपुर की यह पावन धरती गंगा–यमुना दोआब की सांस्ःतिक, ऐतिहासिक और पौराणिक विरासत को समेटे हुए है। उन्होंने बताया कि इस जिले को दर्जा मिले आज 199 वर्ष पूरे हो चुके हैं। यह अवसर अतीत को याद करने और भविष्य को संवारने का है। हमें अपने प्राचीन कुओं, तालाबों, मंदिरों और पुरातात्विक स्थलों को सहेजना होगा, क्योंकि यही हमारी पहचान हैं। प्रवीण पांडेय बुंदेलखंडी ने कहा कि जिले में जल–पर्यावरण विश्वविद्यालय की स्थापना होनी चाहिए, ताकि यह क्षेत्र जल संरक्षण, शोध और पर्यावरणीय शिक्षा का केंद्र बन सके। उन्होंने युवाओं के लिए खेल के अवसर, मैदान और संसाधन उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही सुझाव दिया कि महाना ऊसर क्षेत्र को गौ–आधारित औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाए, जिससे स्थानीय रोजगार और पर्यावरणीय संतुलन दोनों को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि मेरी माटी मेरा तीर्थ अभियान के माध्यम से हमें अपने गांव, अपने तालाब, अपने मंदिर और अपनी धरती को तीर्थ मानकर उनकी सेवा करनी चाहिए। यह अभियान सिर्फ सफाई या प्रतीकात्मक कार्यक्रम नहीं, बल्कि माटी, जल और विरासत के पुनर्जागरण का राष्ट्रीय संकल्प है। श्री पांडेय ने यह भी कहा कि 10 नवंबर को हर वर्ष फतेहपुर स्थापना दिवस पूरे जिले में धूमधाम से मनाया जाना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी अपने इतिहास और संस्ःति से जुड़ सके। इस मौके पर मनीष पांडेय, राम नरेश, आनंदी प्रसाद, राकेश अरोड़ा, गिरीश चंद्र द्विवेदी, प्रीतु, प्रियंका, चंद्रिका प्रसाद, रमेश प्रसाद, सुनीता, हिमांशु, दिव्यांशु, शुभम भी मौजूद रहे।

# किसानों को डीएपी न मिलने पर डीसीबी चेयरमैन ने जताया रोष

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में इस समय गेहूं की बुवाई और आलू की फसल की देखभाल का दौर चल रहा है, लेकिन किसानों के लिए यह सीजन खाद संकट की वजह से मुश्किल बनता जा रहा है। पर्याप्त भंडारण के बावजूद सहकारिता विभाग द्वारा कुछ चुनिंदा समितियों को ही डीएपी उपलब्ध कराए जाने से डीएपी संकट गहराने लगा है। इस स्थिति पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जिला सहकारी बैंक (डीसीबी) के चेयरमैन प्रभुदत्त दीक्षित ने कड़ी नाराज़गी जताई है और डिप्टी रजिस्ट्रार सहकारिता प्रयागराज से शिकायत कर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

श्री दीक्षित ने आरोप लगाया है कि विभाग के कुछ अधिकारियों ने जानबूझकर खाद वितरण में असमानता बरती है और ब्लैकिया छवि वाली समितियों को अतिरिक्त डीएपी खेप भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों की भारी मांग के बावजूद बी–पैक्स हरिहरगंज जैसी प्रमुख समितियों को अब तक खाद नहीं दी गई है। सूत्रों के अनुसार श्री दीक्षित ने प्रयागराज मंडल के डिप्टी रजिस्ट्रार को फोन पर बताया कि सहायक निबंधक राजेश कुमार और संग्रह सहायक अनिल वर्मा खाद वितरण प्रक्रिया में गड़बड़ियों में शामिल हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीआर कोऑपरेटिव प्रयागराज मंडल ने जिलाधिकारी से रिपोर्ट मांगी है। डीएम ने एडीएम (वित्त) को तलब करते हुए पूरे प्रकरण की जांच के निर्देश दिए हैं। इधर, बी–पैक्स सीतापुर में डीएपी की कथित कालाबाज़ारी का मामला भी सामने आया है। समिति अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता ने अपने सचिव पर 80 बोरी डीएपी ब्लैक करने और विभागीय मिलीभगत से एक ट्रक खाद मंगवाकर गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। स्थानीय स्तर पर कार्रवाई न होने पर गुप्ता ने कैबिनेट मंत्री राकेश सचान से शिकायत की, जिन्होंने डीएम को जांच के आदेश दिए। हालांकि एक सप्ताह बीतने के बाद भी जांच टीम का गठन नहीं किया जा सका है। डीसीबी चेयरमैन प्रभुदत्त दीक्षित ने कहा कि जनपद में पर्याप्त डीएपी होने के बावजूद किसानों को वंचित रखना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सहकारिता विभाग की भूमिका संदेह के घेरे में है। डिप्टी रजिस्ट्रार से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

# मतदेय स्थलों की सूची का हुआ आलेख्य प्रकाशन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ० अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की निर्धारित समय सारिणी के अनुसार जनपद में अवस्थित छह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 238 जहानाबाद, 239 बिन्दकी, 240 फतेहपुर, 241 अयाह शाह, 242 हुसैनगंज एवं 243 खागा में विद्यमान मतदेय स्थलों की सूचियों का आलेख्य प्रकाशन 10 नवंबर को कर दिया गया है। 10 नवंबर को प्रकाशित की गयी मतदेय स्थलों की प्रस्तावित सूची निःशुल्क निरीक्षण हेतु सम्बन्धित तहसील कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय एवं जनपद की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। आलेख्य के रूप में प्रकाशित की गयी मतदेय स्थलों की सूची में यदि किसी प्रकार की आपत्ति व सुझाव हो तो सम्बन्धित उप जिलाधिकारी कार्यालय में 16 नवंबर तक दिया जा सकता है।

# रेलवे बाउण्ड्री के बीच किसानों को रास्ता दिए जाने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला पंचायत सदस्य मुनेष्वर सिंह ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि ग्राम पंचायत अतरहा व मोहनपुर मजरे अतरहा व ग्राम पंचायत रमवा पंथुवा व शहिजादेपुर मजरे रमवां पंथुवा के किसानों की जमीन रेलवे लाइन के उत्तर दिशा में लगभग 1500 बीघा कृषि योग्य जमीने हैं और अंडरपास जमीनों से लगभग डेढ़ किमी0 दूर है। जिससे किसानों को लगभग डेढ़ किमी0 दूर से घूमकर आना जाना पड़ता है। वर्तमान समय में रेलवे विभाग द्वारा रेलवे लाइन के दोनों तरफ दीवार खड़ी करने से किसानों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। मांग किया कि रमवां स्टेशन के पूरब दिशा में पांच सौ मीटर आगे अंडरपास बनाए जाने व बाउण्ड्री के बीच से रास्ता किसानों के आने–जाने के लिए छुड़वाया जाए। इस मौके पर शिवमंगल, गया प्रसाद, कुलदीप, अभिषेक प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से आटो सवार मां-बेटे की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा के समीप एनएच–2 में सोमवार भोर अज्ञात वाहन ने ऑटो में टक्कर मार दिया। जिसमें मां बेटे की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं पत्नी समेत तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां सभी हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार असोथर थाना क्षेत्र के सरांय खालिस गांव निवासी स्व0 रामकिशुन की 60 वर्षीय सुरतिया देवी अपने पुत्र हरिशंकर 37 बहू नीता देवी, पोती देविका 12, अर्पिता 8, नाती आर्यन के साथ बालाजी दर्शन करने गये थे। सुबह चार बजे ट्रेन से उतरकर ऑटो बुक कर गांव जा रहे थे। जैसे ही यह लोग हसवा के समीप एनएच–2 में पहुंचे तभी अज्ञात वाहन ऑटो में टक्कर मारता हुआ निकल गया। हादसे में हरिशंकर व उसकी सुरतिया की घटनास्थल पर मौत हो गयी जबकि हरिशंकर की पत्नी नीता देवी पुत्री देविका, अर्पिता व आर्यन गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने तत्काल घायलों को सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने नीता देवी व उसके तीनो बच्चों की हालत चिन्ताजनक देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया।

# ट्रक की टक्कर से साइकिल की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सीएचसी के समीप रविवार की रात बेकाबू ट्रक ने साइकिल सवार को रौंद दिया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गयी, वहीं दीपावली के पर्व पर हुए सड़क हादसे में घायल 27 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान घर पर ही मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कैथपुरवा गांव निवासी स्व0 बनवारी लाल का पुत्र फूलचन्द्र मौर्या रविवार की रात लगभग 8 बजे साइकिल से सामान लेने जा रहा था। जब वह सीएचसी के समीप पहुंचा तभी बेकाबू ट्रक ने उसे रौंद दिया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। इसी प्रकार थाने के अलावलपुर मजरे लोहारी गांव निवासी सोहन लाल का पुत्र जितेन्द्र पासवान दीपावली के पर्व पर सामान लेने जा रहा था। तभी ऑटो में टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। जहां बाद में परिजन घायल को लेकर घर आ गये और वहीं इलाज कर रहे थे। तभी रविवार को अचानक जितेन्द्र की हालत बिगड़ गयी। परिजन उसे उपचार के लिए ला रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। वहीं सूचना पाकर पुलिस ने दोनो शवो को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )